केवल आप के लिये
गांव–गांव शहर–शहर देश दुनियां में अपनों तक पहुंचाना है तो :भारतीय बस्ती दैनिक वेब
www.bhartiyabasti.com
और उसका छपा संस्करण
सबसे बेहतर माध्यम
सम्पर्क–bhartiyabasti@gmail.com
मो0 9450567450| 9336715406

# दैनिक भारतीय बस्ती

भारतीय बस्ती
www.bhartiyabasti.com के लिये विज्ञापन बुक कराये।
विचार, प्रचार का सशक्त माध्यम
सम्पर्क
मो0 9450567450
9336715406

भारतीय बस्ती आमंत्रण मूल्य 2रूपया

R.N.I. 38784/81 डाक पंजीकरण सं0 B.S.T 59 बस्ती, वर्ष :45 अंक 286 शुक्रवार 10 मई 2024 (बस्ती संस्करण) बस्ती एवं अयोध्या–फैजाबाद से एक साथ प्रकाशित पृष्ठ :4मूल्य:3.00 रुपया www.bhartiyabasti.com

## एक नजर

### कांग्रेस टुकड़े–टुकड़े गिरोह की समर्थक –जेपी नड्डा

**चित्रकूट (आभा)।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने भगवान श्रीराम की तपोभूमि पर विपक्षियों को निशाने पर रखा। इंडी गठबंधन को एक बार फिर घमंडिया गठबंधन बताते हुए कहा कि यह भ्रष्टाचारियों का परिवार है जिसके आधे नेता बेल पर हैं और आधे जेल में हैं। उन्होंने केंद्र सरकार की योजनाओं को गिनाते हुए बांदा–चित्रकूट लोकसभा सीट के प्रत्याशी आरके सिंह पटेल को जिताने की अपील की। भाजपा अध्यक्ष ने भारत माता के जयकारे से साथ अपना संबोधन शुरू किया। उन्होंने कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी, सोनिया गांधी, पी चिदंबरम और लालू यादव के भ्रष्टाचार गिनाए।

### ससुरालियों पर हत्या का मुकदमा दर्ज करने का आदेश

**संवाददाता–भारतीय बस्ती**
**बस्ती।** मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी बस्ती ने फरवरी महीने में हुए हत्या के बाद रिंकी के पिता मुन्ना लाल द्वारा कोर्ट में पैरवी के बाद पति अजय कुमार, ससुर रामअचल, सास नाम अज्ञात, दो ननदों रीता,अनीता पर सुसंगत धाराओ में मुकदमा दर्ज करने का रूधौली थानाध्यक्ष को आदेश दिया है। मामले में पैरवी करते हुए अधिवक्ता मोहम्मद मारूफ खान ने मृतका के पिता मुन्नालाल की बातों को न्यायालय के सामने रखा। जिस पर सुनवाई करते हुए न्यायालय ने रूधौली थानाध्यक्ष को आरोपियों के विरूद्व कार्रवाई करने का आदेश दिया।

### न्यायालय ने मुकदमा दर्ज करने का दिया आदेश

**संवाददाता–भारतीय बस्ती**
**बस्ती।** अपर सत्र न्यायालय पाक्सों एक्ट बस्ती ने रूधौली थानाध्यक्ष को हरिश्चन्द्र उर्फ दिलावर पुत्र रामसरन साकिन नकहा थाना रूधौली के विरूद्ध मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया है। मामले में स्थानीय पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज करने में हीलाहवाली करने के बाद पीड़ीता जरीना ने अपने अधिवक्ता मोहम्मद मारूफ खान के माध्यम से न्यायालय में मुकदमा दर्ज कराने के लिए प्रार्थपा पत्र दिया। । जिसमें पूरी सुनवाई करने के बाद पाक्सों एक्ट न्यायालय बस्ती ने रूधौली थानाध्यक्ष को सुसंगत धाराओं मे मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया।

### स्वामी प्रसाद मौर्य ने किया नामांकन



**संवाददाता–कुशीनगर।** लोकसभा चुनाव के लिए चल रहे नामांकन के तीसरे दिन राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी के अध्यक्ष स्वामी प्रसाद मौर्य ने नामांकन पत्र दाखिल किया। उन्होंने तीन सेट में नामांकन किया है। नामांकन करने के बाद वह पडरौना शहर के एक होटल में आयोजित आरएसएसपी के कार्यकर्ता सम्मेलन में पहुंचे। उन्होंने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा सरकार संविधान विरोधी है। वह आरक्षण को खत्म करना चाहती है। यह चुनाव बाबा साहब डॉ. आंबेडकर के सपनों व उनके विचारों को बचाने का चुनाव है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की वादा खिलाफी को देश की जनता अच्छी तरह जान गई है। पूंजीपतियों व सामंतवादियों को बढ़ावा देने वाली इस सरकार ने आम आदमी का जीना दुश्वार कर दिया है। देश में बढ़ती महंगाई व बेरोजगारी ने देश की अर्थव्यवस्था को बदहाली की कगार पर लाकर खड़ा कर दिया है।

# परिवार की पांचों सीट हारेगी सपा, नहीं खुलेगा खाता –सीएम योगी

**लखीमपुर खीरी (आभा)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बृहस्पतिवार को दावा किया कि मौजूदा लोकसभा चुनाव में राज्य में समाजवादी पार्टी (सपा) का खाता भी नहीं खुलेगा। मुख्यमंत्री ने लखीमपुर खीरी खीरी जिले के गोला गोकर्णनाथ यानी छोटी काशी में भाजपा उम्मीदवार अजय मिश्रा श्टेनीश के पक्ष में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। सपा पर निशाना साधते हुए सीएम योगी ने कहा, सपा के मुखिया अखिलेश यादव की उम्मीदवारी वाली कन्नौज सीट समेत उनके परिवार के सदस्यों की उम्मीदवारी वाली सभी पांचों सीट पर सपा की हार सुनिश्चित है। मुख्यमंत्री ने आरोप लगाते हुए कहा, कांग्रेस और सपा के लोग कह रहे हैं कि राममंदिर का निर्माण अनावश्यक हुआ है। चुनाव जैसे–जैसे आगे बढ़ रहा है, दो चीजें साफ हो गई हैं।



एक तरफ, भारत के विकास, गरीब कल्याण के लिए योजनाओं का लाभ देने वाले रामभक्त हैं। दूसरी तरफ, भारत की सुरक्षा में सेंध लगाने वाले, अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत का अपमान करने वाले, आस्था के साथ खिलवाड़ करने वाले रामद्रोही हैं। उन्होंने कहा, रामद्रोही सपा सरकार के समय दंगा, कर्फ्यू होता था। व्यापारी और बेटियां असुरक्षित थीं। सीएम योगी ने कहा, हमारी सरकार में बेटी से लेकर व्यापारी तक सब सुरक्षित है, व्यापारियों से कोई रंगदारी नहीं मांग सकता। रंगदारी मांगने वालों को हम अब सीधे जहन्नुम का रास्ता दिखाते हैं। इस दौरान सीएम योगी ने सैम पित्रोदा और रामगोपाल यादव के बयानों पर भी कड़ी प्रतिक्रिया दी। गोला में आयोजित जनसभा में सीएम योगी ने कहा, सपा और कांग्रेस के लोग भगवान राम के अस्तित्व को नकारते थे। अब ये लोग राम मंदिर निर्माण को बेकार बताकर विरोध कर रहे हैं। सीएम योगी ने कहा राम के अस्तित्व को नकारने वाले राम द्रोहियों को सबक सिखाने का समय आ गया है। कांग्रेस के समय में देश में घुसपैठ होती थी। आतंकवाद और नक्सलवाद सिर चढ़कर बोल रहा था, विकास का कार्य ठप था। गरीबों को मिलने वाली योजनाओं में बंदरबांट होता था। आज तो 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन उपलब्ध कराया जा रहा है। आदित्यनाथ ने आरोप लगाया, कांग्रेस और सपा देश को बांटने की साजिश रच रही है। कांग्रेस के कार्यकाल में देश की सीमाएं असुरक्षित थीं, आतंकवाद और नक्सलवाद चरम पर थे जबकि सपा रामभक्तों पर गोलियां चलवाती थी और आतंकियों के मुकदमे वापस लेती थी। मगर इस बार पूरे देश में एक ही स्वर गूंज रहा है कि जो राम को लाए हैं हम उनको लाएंगे। मुख्यमंत्री ने केंद्र और प्रदेश सरकार की उपलब्धियों को गिनाते हुए जनता से भाजपा के पक्ष में मतदान की अपील की।

## जयंती पर राजपूत करणी सेना ने महाराणा प्रताप को किया याद, राजपूतों की एकजुटता पर दिया जोर



**संवाददाता–भारतीय बस्ती**
**बस्ती।** राजपूत करणी सेना ने महाराणा प्रताप की जयंती पर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित कर महरीपुर स्थित एक मैरेज हाल में विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी को सम्बोधित करते हुए हरीश सिंह ने कहा की क्षत्रिय समाज ने हमेशा सर्व समाज की सुरक्षा एवं सम्मान किया है। जबकि अब तमाम राजनीतिक दलों के नेता क्षत्रिय समाज के उपर ओछी टिप्पड़ी कर रहे है। क्षत्रिय समाज अब एकजुट हो गया है। उन्हें अब हमारी एकजुटता का पता भी चलेगा।

पूर्वांचल अध्यक्ष यशवन्त सिंह रोलू ने कहा की की आज कुछ नेताओं की भीड़ से समाज का भला नहीं होने वाला है। स्वार्थ एवं संकीर्णता से क्षत्रिय समाज को उपर उठना होगा। तभी हमारे समाज का सम्मान एवं मर्यादा बनी रहेगी। पूर्वांचल प्रवक्ता चन्द्रेश प्रताप सिंह ने कहा की पूरे देश में क्षत्रिय समाज के उपर उत्पीड़न की घटनाएं बढ़ती जा रही है। दशकों से हम लोगों को राजनीतिक लाभ के चक्कर में आपस में लड़ाया जाता रहा है। हमे अब एकजुट होकर समासज की एकता के लिए काम करना होगा।

सभा को राजमाता आशिमा सिंह ने सम्बोधित करते हुए कहा की वीर क्षत्राणियों ने अपने सम्मान के लिए जौहर तक किया है। विश्व में अप्प दीपो भव का सन्देश देने का कार्य एक क्षत्रिय ने किया। सभा को प्रमुख रूप से पूर्व प्रमुख गोपाल सिंह, कृष्ण चन्द्र सिंह, अशोक सिंह, अमित प्रताप सिंह आरबीएस , अनिल सिंह, अध्यक्षता कर रहे विजयपाल सिंह, ठाकुर दीपक सिंह, विपिन सिंह, सत्येन्द्र सिंह, राम प्रताप सिंह, अमर नाथ सिंह, अमितेश सिंह, प्रदीप सिंह पिंकू, मनोज सिंह ने सम्बोधित किया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से अंशु सिंह, अंकुर सिंह, अभिजित सिंह, सोनू सिंह, अतुल सिंह, रमाकान्त सिंह, बम बहादुर सिंह, राम बक्स सिंह, संतोष सिह, अनुरोध सिंह, राहुल सिंह, नीरज सिंह, शिब्लू पाल, अमित पाल समेत हजारों क्षत्रिय समाज के लोग मौजूद रहे।

## महाराणा प्रताप का अदम्य साहस हमेशा समाज के लिये प्रेरणास्रोत




**संवाददाता–भारतीय बस्ती**
**बस्ती।** वरिष्ठ नागरिक कल्याण समिति की ओर से कलेट्रेट परिसर में प्रख्यात चिकित्सक डा. वी.के. वर्मा की अध्यक्षता में महाराणा प्रताप की जयंती मनाई गई। 'वरिष्ठ अधिवक्ता श्याम प्रकाश शर्मा एडवोकेट के संयोजन में आयोजि कार्यक्रम में वक्ताओं ने महाराणा प्रताप के लीवन वृत्त पर विस्तार से चर्चा किया। डा. वर्मा ने कहा भारत का इतिहास महाराणा प्रताप के त्याग व बलिदान को कभी भूल नही पायेगा। उनकी कहानियां सुनने मात्र से देशभक्ति का जज्बा जाग उठता है। ऐसे महापुरूषों के त्याग व बलिदान हजारों साल तक समाज को दिशा देते रहेंगे। समिति के अध्यक्ष डा. बीएन शुक्ल ने कहा महाराणा प्रताप का नाम जुबान पर आते ही अदम्य साहस उत्पन्न होने लगता है। कार्यक्रम का संचालन करते हुये वरिष्ठ अधिवक्ता श्याम प्रकाश शर्मा ने कहा कथित तौर पर, प्रताप की 56 वर्ष की आयु में 19 जनवरी 1597 को चावंड में एक शिकार दुर्घटना में लगी चोटों के कारण मृत्यु हो गई। उनका सबसे बड़ा बेटा अमर सिंह प्रथम उत्तराधिकारी बना। इतिहास की माने तो मृत्यु शैया पर पड़े प्रताप ने बेटे से कहा कि वे कभी मुगलों के सामने झुके नहीं। उनके अंतिम वाक्य ये बताते हैं कि स्वाभिमान बचाने के लिये हमे आखिरी सांस तक संघर्षशील रहना चाहिये। बैठक में गनेश, बीएन सिंह, मो. सामइन फारूकी, डा. रामकृष्ण लाल जगमग, सरोज देवी, दीनबन्धु उपाध्याय, प्रदीप श्रीवास्तव, ओमप्रकाश धर द्विवेदी, दीनानाथ यादव, अजमत अली सिद्धीकी, मेहीलाल यादव, कृरूणचंद पाण्डेय, नेबूलाल आदि उपस्थित रहे।

# जयंती पर याद किये गये महाराणा प्रताप महाराणा प्रताप के जीवन से प्रेरणा लें युवा पीढी

**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**
बस्ती। देश के महान सपूत महाराणा प्रताप को उनकी जयंती पर याद किया गया। पूर्व ब्लाक प्रमुख एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता कृष्णचन्द्र सिंह के संयोजन में गुरूवार को सिविल लाइन्स तिराहा स्थित महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर उपस्थित लोगों ने माल्यार्पण किया। माल्यार्पण के बाद सांसद हरीश द्विवेदी ने कहा कि जब भी भारतीय इतिहास में वीरों का नाम याद किया जाता है, महाराणा प्रताप का नाम सबसे आगे है। कहा कि प्रत्येक युग में समय–काल के अनुरूप नायक पैदा होते रहते हैं। देश के निर्माण में अनेक महापुरूषों का योगदान है। हमें महापुरूषों से प्रेरणा लेकर उनके सपनों के अनुकूल भारत निर्माण का संकल्प साकार करना होगा। युवा पीढी महाराणा प्रताप के जीवन से प्रेरणा लें।





भाजपा नेता कृष्णचन्द्र सिंह ने कहा कि महाराणा प्रताप बहुत ही स्वाभिमानी प्रवृत्ति के नायक थे। जब राणा प्रताप को अपने वश में करने के अकबर के सभी प्रयास विफल रहे तब हल्दीघाटी का ऐतिहासिक युद्ध हुआ। महाराणा प्रताप ने पूरी सजगता और अप्रतिम वीरता के साथ युद्ध लड़ा । इस युद्ध में महाराणा का प्रिय चेतक बलिदान हो गया। उनका संघर्ष और योगदान युगों तक याद किया जायेगा। महापुरूष संघर्ष की कोख से ही पैदा होते है।

संयोजक महेश चन्द्र सिंह ने उपस्थित लोगों के प्रति आभार व्यक्त करते हुये कहा कि महाराणा प्रताप का पूरा जीवन संघर्षो से घिरा रहा किन्तु वे अपने लक्ष्य से विचलित नहीं हुये।

भाजपा नेता अमन प्रताप सिंह ने कहा कि महाराणा प्रताप के शौर्य और बहादुरी की चर्चा पूरी दुनिया में दी जाती है। उन्होंने अपने पराक्रम से मुगलों को नाकों चने चबवा दिए थे। उनकी वीरता के अनेक किस्से मशहूर हैं। युवा पीढ़ी को ऐसे महान व्यक्तित्व से प्रेरणा लेनी चाहिये।

लोकसभा चुनाव को देखते हुये संक्षिप्त कार्यक्रम में मुख्य रूप से अशोक सिंह ध्रुवचन्द्र सिंह, संजय सिंह, जर्नादन सिंह, प्रेमचन्द्र सिंह, श्याम चन्द्र सिंह, राजेन्द्र सिंह, गोपाल यादव, अर्जुन चौधरी, प्रियांशु सिंह, अंकित मिश्र, अमन चौधरी, प्रियांशु सिंह, राहुल चौधरी, पंकज सिंह, शक्ति सिंह, नीरज सिंह, सौरभ सिंह, शिवम सिंह, ऋषि पाठक, राज पाण्डेय, विशाल चौधरी, बीर बहादुर सिंह, अनुज प्रजापति, निर्भय सिंह, अविनाश सिंह, विपुल सिंह, रवि यादव, अनमोल सिंह, महन्त पाल, आर्यन पाल, ओम मिश्रा, शुभम सिंह, राजन, विकास यादव, लक्की पाल, पवन सिंह, आशीष कुमार सिंह, रणंजय सिंह के साथ ही अनेक लोग उपस्थित रहे।

# 'हिंदू आबादी घटने' की रिपोर्ट पर प्रियंका गांधी ने रिपोर्टर से ही पूछ लिया प्रश्न


**रायबरेली (आभा)।** अमेठी और रायबरेली में चुनाव प्रचार की कमान खुद अपने हाथ में ले चुकीं कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी लगातार नुक्कड़ सभाओं और रोड–शो से माहौल बनाने की कोशिश कर रही हैं। यहां तक कि बिना माइक भी उनका भाषण वायरल हो रहा है। इस बीच बुधवार को हिन्दू–मुस्लिम आबादी को लेकर आई एक रिपोर्ट को लेकर जब प्रियंका गांधी से सवाल पूछा गया तो उन्होंने पत्रकार को ही घेर लिया। उल्टे पत्रकार से पूछ लिया कि यह सवाल कहां से आया है। ऑफिस से आया है न? ऑफिस से पूछो उनके पास कहां से सवाल आया। पत्रकार से कहा कि ऑफिस से बोलो प्रियंका गांधी पूछ रही हैं यह सवाल कहां से आया।श प्रियंका गांधी का सीधा इशारा भाजपा की तरफ था। भाजपा पर चुनाव को हिन्दू–मुसलमान बनाने की कोशिश करने का आरोप प्रियंका गांधी लगातार लगा रही हैं। इंडिया गठबंधन के अन्य नेताओं ने भी आबादी को



लेकर आई रिपोर्ट को भाजपा की साजिश करार दिया है। उनका कहना है कि जब गणना हुई ही नहीं तो कैसे पता चला कि किसकी आबादी घट गई और किसकी बढ़ गई है। गुरुवार को अखबारों में एक स्टडी छपी है। इसमें बताया गया भारत में हिंदू घट गए और मुसलमानों की आबादी में इजाफा हुआ है। इस रिपोर्ट को प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद की साइट पर भी उपलब्ध कराया गया है। इसी को लेकर पत्रकार ने प्रियंका गांधी से सवाल पूछा था। प्रियंका गांधी ने पहले बड़े ध्यान से पत्रकार का पूरा सवाल सुना। फिर मुस्कुराते हुए पत्रकार से पूछा यह सवाल आपके पास कहां से आया, ऑफिस की तरफ से न? ऑफिस से पूछो प्रियंका जी पूछ रही किसने उन्हें सवाल भेजा है। वहीं, कांग्रेस के सत्ता में आने पर अयोध्या के राम मंदिर में बाबरी ताला लगा दिये जाने के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आरोप को सरासर झूठ करार देते हुए प्रियंका गांधी ने कहा कि उनकी पार्टी कई बार कह चुकी है कि वह अदालत के फैसले का सम्मान करती है। हमने (अतीत में) ऐसा किया है और भविष्य में भी ऐसा ही करेंगे। कांग्रेस पर उद्योगपति गौतम अडाणी और मुकेश अंबानी के साथ साठगांठ के प्रधानमंत्री के आरोप पर प्रियंका ने कहा, देखिए, ऐसा लगता है कि मोदी जी को भी नाम लेने के लिए मजबूर किया गया है। वह जो कह रहे हैं कि राहुल जी ने उनका (अडाणी और अंबानी) नाम लेना बंद कर दिया है, यह बिल्कुल गलत है। राहुल जी रोज–रोज तो नाम ले रहे हैं।

## सैम पित्रोदा की नस्लीय टिप्पणी पर भड़के राबर्ट वाड्रा

**अमेठी (आभा)।** इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के पूर्व चेयरमैन सैम पित्रोदा की नस्ली टिप्पणी पर घमासान मचा है। विरासत विवाद के बाद एक अंग्रेजी अखबार को दिए इंटरव्यू में सैम ने नया विवाद खड़ा कर दिया। उन्होंने कहा था कि भारत में पूर्व के लोग चीनी जैसे लगते हैं तो दक्षिण में लोग अफ्रीकी लगते हैं। वहीं पश्चिम में लोग अरबी लगते हैं और उत्तर भारतीय गोरे होते हैं। जब बयान ने तूल पकड़ा तो उन्हें कांग्रेस से इस्तीफा देना पड़ा। अब उनके बयान पर प्रतिक्रियाएं आ रही हैं। इसी कड़ी में रॉबर्ट वाड्रा ने कहा कि जब आप इस (गांधी) परिवार से जुड़े होते हैं, तो बड़ी ताकत के साथ बड़ी जिम्मेदारी भी आती है, आपको कोई भी कदम उठाने से पहले सोचना होगा। सैम पित्रोदा ने जो कहा है, उससे मैं बिल्कुल असहमत हूं। उन्होंने बकवास की बात की है। जो व्यक्ति इतना पढ़ा–लिखा हो वह ऐसा कैसे कह सकता है? वे राजीव गांधी के बहुत करीबी थे लेकिन उन्हें थोड़ा जिम्मेदार होना चाहिए। राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा प्रयास कर रहे हैं लेकिन उनके एक बयान से भाजपा को अनावश्यक मुद्दे उठाने का मौका मिल गया।



वहीं, वाड्रा ने कहा कि मैं किसी को जवाब देने के लिए राजनीति में नहीं आना चाहता। मैं देश के लोगों की सेवा करना चाहता हूं, इसलिए शायद यह राज्यसभा के माध्यम से हो। मैं देश भर के लोगों के लिए काम करता रहूंगा और अमेठी, रायबरेली और मुरादाबाद की यात्रा करूंगा क्योंकि उनका आशीर्वाद पाकर मुझे बहुत खुशी होती है। इसलिए मैं निश्चित रूप से कुछ समय बाद सक्रिय राजनीति में शामिल हो जाऊंगा।

यह पूछे जाने पर कि क्या राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा के बीच कुछ गलतफहमी है, रॉबर्ट वाड्रा ने कहा, ष्कभी नहीं। मैंने उनके बीच किसी भी तरह का कोई मुद्दा नहीं देखा है। अगर उनके पास किसी तरह का तर्क है, तो यह स्वस्थ तर्क है कि हम देश के लिए कुछ बेहतर कैसे कर सकते हैं। कोई भी पद और कोई भी शक्ति उनके या मेरे बीच किसी भी तरह की गतिशीलता को नहीं बदल सकती है। लोगों ने माना कि मैं बहुत परेशान था क्योंकि मुझे अमेठी से लड़ने का मौका नहीं मिला। मेरे लिए इसका कोई मतलब नहीं है। मुझे परिवार में किसी भी व्यक्ति के बीच किसी भी तरह का कोई मुद्दा नहीं दिखता। हम पूरे देश के लिए मिलकर काम करेंगे। रॉबर्ट वाड्रा चुनाव क्यों नहीं लड़ेंगे, इसके जवाब में रॉबर्ट वाड्रा ने कहा, ष्मैं खुश हूं कि केएल शर्मा अमेठी से और राहुल गांधी रायबरेली से चुनाव लड़ रहे हैं। मैं काफी लोगों से मिलता हूं। और जहां भी मैं गया हूं लोगों को लगता है कि मुझे सक्रिय राजनीति में आना चाहिए। हमने काफी मेहनत की और 2004 में हम सोनिया गांधी को अमेठी से जीता कर लाए तब से लोगों ने हमें बहुत प्यार, इज्जत दी। मैं गांधी परिवार का सदस्य हूं और दुनिया से लोग आते हैं तो उनकी इच्छा होती है कि वे हमसे मिले। मैं बराक ओबामा, नेल्सन मंडेला से भी मिला हूं तो लोग उनके साथ भी आरोप लगा सकते हैं। आपके बारे में भी हमारे पास कई जानकारी होती है लेकिन हमने कभी इसे सार्वजनिक नहीं की, क्योंकि मैं महिलाओं के बारे में कभी कुछ नहीं कहता हूं। मैंने(स्मृति ईरानी) उनसे कहा कि अडानी को लेकर मेरे खिलाफ कुछ भी साबित करें लेकिन उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया।

## वेबकास्टिंग के समय विद्युत, जनरेटर, इन्टरनेट की व्यवस्था ससमय पूर्ण कर लिया जाय –जिलाधिकारी

**संवाददाता–बस्ती।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए जिलाधिकारीध्जिला निर्वाचन अधिकारी अंद्रा वामसी एवं सामान्य प्रेक्षक श्रीमती बबिता ने पोस्टल बैलेट व वेबकास्टिंग के नोडल अधिकारियों को निर्देशित किया है। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में उन्होने निर्देश दिया कि वेबकास्टिंग के समय विद्युत, जनरेटर, इन्टरनेट की व्यवस्था ससमय पूर्ण कर लिया जाय। इसके लिए विद्युत विभाग व टेलीकाम कम्पनियों के अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर लें।




परियोजना निदेशकध्नोडल अधिकारी पोस्टल बैलेट राजेश झा ने बताया कि मतदान कार्मिको का द्वितीय प्रशिक्षण 14 से 20 मई के बीच कराया जायेंगा। समस्त मतदान कार्मिको को डाक मतपत्र की सुविधा भी प्रशिक्षण के दौरान उपलब्ध करायी जायेंगी। उन्होने यह भी बताया कि जनपद में कुल 85 प्लस के 210 तथा दिव्यांग के 182 मतदाता है, को उनके घर पर ही मतदान की सुविधा प्रदान करायी जायेंगी।

बेसिक शिक्षा अधिकारी अनूप तिवारी ने बताया कि जनपद के 1089 बूथों पर कैमरा लगाया जाना है, जिसका कार्य आगामी 15 से 21 मई के मध्य करा लिया जायेंगा। उन्होने बताया कि इसके निगरानी हेतु विकास भवन में कंट्रोल रूम स्थापित किया जायेंगा। इस संबंध में जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि प्रत्येक पॉच कैमरे पर टेक्निकल टेक्निशियन की तैनाती की जाय तथा कैमरों के रख–रखाव व फीडबैक के लिए एबीएसए की तैनाती की जाय।

बैठक में एडीएमध्उप जिला निर्वाचन अधिकारी कमलेश चन्द्र, डीआईओ एनआईसी आलोक मिश्रा, ई–डिस्ट्रिक्ट मैनेजर सौरभ द्विवेदी, सहायक निर्वाचन अधिकारी सुभाष सिंह तथा संबंधित अधिकारी उपस्थित रहें।

*"मुझे अखबार निकालने दो तो मै इस बात की परवाह नहीं करता कि कौन धर्म का नियामक है और कौन कानून का निर्माता"—वेंडेल फिलिप्स*

दैनिक
भारतीय बस्ती
बस्ती 10 मई 2024 शुक्रवार

## सम्पादकीय

### जंगलों में आग

हिमालयी क्षेत्र पूरे देश के मौसम का नियामक है। उत्तराखंड से निकलने वाली गंगा—जमुना जैसी अनेक सदानीरा नदियां देश की जीवनधारा को सींचती हैं। ग्लेशियरों वाले इलाके में जहां जलभंडार हैं, वहीं समृद्ध जैव विविधता भी। ऐसे में गंगा—जमुना के मायके के जंगलों से लगातार आग के समाचार परेशान करते हैं। मई के पहले सप्ताह में ही आग लगने के करीब साढ़े नौ सौ घटनाएं दर्ज हो चुकी हैं। जिसमें करीब बारह हजार हेक्टेयर वन क्षेत्र को अग्निकांड से नुकसान हुआ । पांच लोगों के मरने की भी खबर है। यूं हर साल उत्तराखंड के जंगलों में आग लगने की खबरें आती हैं। यह सिलसिला मार्च के अंत से शुरू होकर मई तक चलता है। लेकिन इस बार यह संकट ज्यादा गंभीर नजर आ रहा है। कई जनपदों में दृश्यता में कमी आई है। राज्य सरकार के सीमित संसाधनों व भौगोलिक जटिलताओं के चलते वनों का धधकना जारी है। काबू पाने के लिये वायुसेना व एनडीआरएफ की मदद ली जा रही है। यह एक हकीकत है कि जंगलों के धधकने में मानवीय हस्तक्षेप कहीं न कहीं जरूर होता है। माना जंगलों में गिरने वाली पत्तियों व घास का समय रहते निस्तारण न होने से ज्वलनशीलता तो होती है, लेकिन आग इंसानी लापरवाही या साजिश से ही लगती है। इसकी पुष्टि इस बात से होती है कि नवंबर 2023 से अब तक करीब पौने चार सौ वन अपराधों के मामले पंजीकृत हो चुके हैं। इसमें साठ लोगों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज हो चुकी हैं। इस बात को उत्तराखंड का वन विभाग भी स्वीकार करता है कि 95 फीसदी अग्निकांड के मामलों में मानवीय दखल जिम्मेदार होता है। जिसमें लापरवाही के साथ—साथ इरादतन लगाई गई आग भी शामिल है। इस बार जहां आग लगाने के आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई हुई है, वहीं विभाग के लापरवाह अधिकारियों की जवाबदेही तय करते हुए उनके खिलाफ भी लापरवाही के चलते कार्रवाई की जा रही है।

दरअसल, अग्निकांडों के बाद कार्रवाई फॉरेस्ट एक्ट व वन्य जीव संरक्षण कानूनों के तहत की जा रही है। इसके अलावा सार्वजनिक व निजी संपत्ति नुकसान क्षतिपूर्ति कानून के तहत भी कार्रवाई होगी। इस संकट को देखते हुए एनडीआरएफ व वायुसेना के हैलिकॉप्टरों की मदद ली जा रही है। वहीं आईआईटी रुड़की की मदद से कृत्रिम बारिश के विकल्प पर भी विचार किया जा रहा है। निश्चित रूप से हर साल जलने वाले सैकड़ों हेक्टेयर वनों को आग से बचाने के लिये स्थायी उपायों की जरूरत महसूस की जा रही है। हमें वर्ष 2021 में हुए अग्निकांडों से सबक लेना चाहिए, जब आग लगने की करीब 2813 घटनाओं में करीब चार हजार हेक्टेयर वन क्षेत्र को क्षति पहुंची थी। अग्निकांडों में आठ लोग मारे गये थे। रोचक तथ्य यह है कि कोविड—19 के दौर में मानवीय आवाजाही कम होने से आग लगने की सबसे कम घटनाएं हुई थीं। दरअसल, सरकारों की प्राथमिकता में पर्यावरण व वन संरक्षण शामिल ही नहीं हो पाया है। वनों के संरक्षण के लिये बजट बहुत कम है और आग बुझाने के पर्याप्त संसाधनों का अभाव है। पिछले दिनों अग्निकांड की घटनाओं के दौरान वनकर्मियों की ड्यूटी चुनाव के लिये लगाने पर भी सवाल उठे। इसके अलावा एक बात तो तय है कि ग्लोबल वार्मिंग के चलते वातावरण में तापमान बढ़ने से भी आग लगने की घटनाएं बढ़ी हैं। हमें बढ़ते तापमान के साथ प्रकृति संरक्षण के उपायों को बढ़ावा देना होगा। राज्य सरकार को एक सदी से अधिक समय से चली आ रही उस वन पंचायत व्यवस्था को मजबूत करना होगा, जो वन संरक्षण में सदैव सहायक रही है। साथ ही चीड़ के उन पेड़ों के बारे में भी सोचना होगा, जिन्हें अंग्रेज बाहर से लाए थे और उसकी सूखी पत्तियों की आग भड़काने में बड़ी भूमिका होती है। दरअसल, पलायन का दंश झेल रहे उत्तराखंड में कृषि व पशुधन के लिये घास—पात का उपयोग न होने से भी जंगलों में ज्वलनशील स्थितियां बनी हैं। वहीं वन कानून सख्त होने से ग्रामीणों के हितों की अनदेखी के चलते उनकी वनों के प्रति उदासीनता भी बढ़ी है। निस्संदेह, जंगलों की आग वन विभाग ग्रामीणों के सहयोग के बिना नहीं बुझा सकता।

# मिलावट का कहर, जिन्दगी के लिये जहर

—ललित गर्ग—



भारतीय मसालों की गुणवत्ता की साख जब दुनिया में धुंधली हुई है, मिलावटी मसालों पर देश से दुनिया तक बहस छिड़ी हुई है, तब दिल्ली में मिलावट के एक बड़े मामले का पर्दाफाश होना न केवल चिंताजनक है बल्कि दुनिया की तीसरी आर्थिक महाशक्ति बनने की ओर अग्रसर भारत के लिये शर्मनाक है। भारत में मिलावट का मामला मसालों तक ही सीमित नहीं है। मिलावटखोरों ने दवाइयों, तेल, घी, दूध, मिठाइयों से लेकर अनाज तक किसी चीज को नहीं छोड़ा है। हर साल त्योहारों पर देशभर से मिलावटी मावा और मिलावटी मिठाइयों की खबरे आती हैं। प्रश्न है कि आखिर मिलावट का बाजार इतना धड़ल्ले से क्यों पनप रहा है, क्यों सिस्टम लाचार है, मिलावटखोरी का अंत क्यों नहीं हो पा रहा है? लोकसभा चुनाव के दौरान मिलावट की त्रासद एवं जानलेवा घटनाओं का उजागर होना, क्यों नहीं चुनावी मुद्दा बनता?

कह तो सभी यही रहे हैं—"बाकी सब झूठ है, सच केवल रोटी है।" लेकिन इस बड़े सच रोटी यानी पेट भरने की खाद्य—सामग्री को मिलावट के कारण दूषित एवं जानलेवा कर दिया गया है। देश में खाद्य पदार्थों में मिलावट मुनाफाखोरी का सबसे आसान जरिया बन गई है। खाने—पीने की चीजें बिल्कुल भी सुरक्षित नहीं हैं। किसी भी वस्तु की शुद्धता के विषय में हमारे संदेह एवं शंकाएं बहुत गहरा गयी हैं। मिलावट का दायरा शहरों से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक भी फैला हुआ है और इसकी जड़ें काफी मजबूत हो चुकी हैं। जीवन कितना विषम और विषभरा बन गया है कि सभी कुछ मिलावटी है। सब नकली, धोखा, गोलमाल ऊपर से सरकार एवं संबंधित विभाग कुंभकरणी निद्रा में है। मिलावटी खाद्य पदार्थ धीमे जहर की तरह हैं। ये दिल और दिमाग से जुड़ी बीमारियों, अल्सर, कैंसर वगैरह की वजह बन सकते हैं। खाने वालों को आभास भी नहीं होता कि वे धीरे—धीरे किसी गंभीर बीमारी की ओर जा रहे हैं। वे किसी पर भरोसा कर कुछ खरीदते हैं और मिलावटखोर तमाम कानून बने होने एवं प्रशासन की सक्रियता के बावजूद इस भरोसे को तोड़ रहे हैं। उनकी वजह से दूसरे देशों का भी भरोसा भारतीय उत्पादों पर कम होने की स्थितियां बनती जा रही है। कुछ दिनों पहले ही हांगकांग और सिंगापुर ने लिमिट से ज्यादा पेस्टिसाइड का आरोप लगाकर दो भारतीय ब्रैंड के कुछ मसालों को बैन किया था। अगर ऐसा हुआ तो इनके निर्यात से करोड़ों डॉलर की आमदनी पर आंच आएगी।

मिलावट करने वालों को न तो कानून का भय है और न आम आदमी की जान की परवाह है। दुखद एवं विडम्बनापूर्ण तो ये स्थितियां हैं जिनमें खाद्य वस्तुओं में मिलावट धड़ल्ले से हो रही है और सरकारी एजेन्सियां इसके लाइसेंस भी आंख मूंदकर बांट रही है। जिन सरकारी विभागों पर खाद्य पदार्थों की क्वॉलिटी बनाए रखने की जिम्मेदारी है वे किस तरह से लापरवाही बरत रही है, इसका परिणाम आये दिन होने वाले फूड प्वाइजनिंग की घटनाओं से देखने को मिल रहे हैं। मिलावट के बहुरुपिया रावणों ने खाद्य बाजार जकड़ रखा है। मिलावट का कारोबार अगर फल—फूल रहा है, तो जाहिर है कि इसके खिलाफ जंग उस पैमाने पर नहीं हो रही है, जैसी होनी चाहिए। इस मामले में भारत अपने पड़ोसी देश बांग्लादेश से कुछ सबक ले सकता है, जिसने हल्दी में लेड की मिलावट पर काबू पा लिया। मिलावटखोर हल्दी की चमक बढ़ाने के लिए लेड का इस्तेमाल करते हैं और यह समस्या पूरे दक्षिण एशिया की है। मारने वाला कितनों को मारेगा? एक आतंकवादी स्वचालित हथियार से या बम ब्लास्ट कर अधिक से अधिक सौ दो सौ को मार देता है। लेकिन खाद्य पदार्थों में मिलावट करने वाला हिंसक एवं दरिंदा तो न जाने कितनों को मृत्यु की नींद सुलाता है, कितनों को अपंग और अपाहिज बनाता है। इन हिंसक, क्रूर एवं मुलाफाखोरों पर लगाम न लगने की एक वजह यह भी है कि ऐसा करने वालों को लगता है, इससे होने वाले मुनाफे की तुलना में मिलने वाली सजा बहुत कम है। जाहिर है, सजा कड़ी करने के साथ ही यह भी पक्का करना होगा कि दोषी किसी तरह से बच न निकलें। यही नहीं, लोगों को पता होना चाहिए कि मिलावट की शिकायत कहां करनी है। हमारे प्रयासों में कमी न रहे, तभी यह काला धंधा रुक सकेगा।

कारोबार में बढ़ती प्रतिस्पर्धा के कारण मिलावट हर जगह देखने को मिलती है। कहीं दूध में पानी की मिलावट होती है, तो कहीं मसालों में रंगों की। दूध, चाय, चीनी, दाल, अनाज, हल्दी, फल, आटा, तेल, घी आदि ऐसी तमाम तरह की घरेलू उपयोग की वस्तुओं में मिलावट की जा रही है। यानी, पूरे पैसे खर्च करके भी हमें शुद्ध खाने का सामान नहीं मिल पाता है। मिलावट इतनी सफाई से होती है कि असली खाद्य पदार्थ और मिलावटी खाद्य पदार्थ में फर्क करना मुश्किल हो जाता है। जीवन मूल्यहीन और दिशाहीन हो रहा है। हमारी सोच जड़ हो रही है। मिलावट, अनैतिकता और अविश्वास के चक्रव्यूह में जीवन मानो कैद हो गया है। घी के नाम पर चर्बी, मक्खन की जगह मार्गरीन, आटे में सेलखड़ी का पाउडर, हल्दी में पीली मिट्टी, काली मिर्च में पपीते के बीज, कटी हुई सुपारी में कटे हुए छुहारे की गुठलियां मिलाकर बेची जा रही हैं। दूध में मिलावट का कोई अंत नहीं। नकली मावा बिकना तो आम बात है। राजस्थान और गुजरात में चल रहा नकली जीरे का कारोबार अब दिल्ली एवं देश के अन्य हिस्सों तक पहुंच गया है। दिल्ली में पहली बार पकड़ी गई नकली जीरे की खेप ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। भारत के लोगों को न शुद्ध हवा मिल रही है और न शुद्ध पानी और न ही शुद्ध खाने का निवाला, कैसी अराजक शासन व्यवस्था है?

मिलावट के कारण हम एक बीमार समाज का निर्माण कर रहे हैं। शरीर से रुग्ण, जीर्ण—शीर्ण मनुष्य क्या सोच सकता है और क्या कर सकता है? क्या मिलावटखोर परोक्ष रूप से जनजीवन के सामूहिक हत्या का षड्यंत्र नहीं कर रहे? हत्यारों की तरह उन्हें भी अपराधी मानकर दंड देना अनिवार्य होना चाहिए। मिलावट एक ऐसा खलनायक है, हत्यारी प्रवृत्ति है, जिसकी अनदेखी जानलेवा साबित हो रही है। चाहे प्रचलित खाद्य सामग्रियों की निम्न गुणवत्ता या उनके जहरीले होने का मतलब इंसानों की मौत भले ही हो, पर कुछ व्यापारियों एवं सरकारी अधिकारियों के लिए शायद यह अपनी थैली भर लेने का एक मौका भर है। त्योहारों पर मिलावटी मिठाइयां खाने से अपच, उलटी, दस्त, सिरदर्द, कमजोरी और बेचैनी की शिकायतें सुनने में आती रही है। इससे किडनी पर बुरा असर पड़ता है। पेट और खाने की नली में कैंसर की आशंका भी रहती है। खाद्य उत्पाद विनियामक भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) ने 2006 के खाद्य सुरक्षा और मानक कानून में कड़े प्रावधान की सिफारिश की थी। कानून को सिंगापुर के सेल्स आफ फूड एक्ट कानून की तर्ज पर बनाया गया जो मिलावट को गम्भीर अपराध मानता है।

फूड इंस्पेक्टरों का दायित्व है कि वह बाजार में समय—समय पर सैम्पल एकत्रित कर जांच करवाएं लेकिन जब सबकी 'मंथली इन्कम' तय हो तो फिर जांच कौन करे? हालत यह है कि बाजारों में धूल—धक्कड़ के बीच घोर अस्वास्थ्यकर माहौल में खाद्य सामग्रियां बेची जा रही है। सीएजी ऑडिट के दौरान जो तथ्य उजागर हुए हैं, वे भ्रष्टाचार को तो सामने लाते ही हैं साथ—ही—साथ प्रशासनिक लापरवाही को भी प्रस्तुत करते हैं। देश में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता बनाए रखने का काम करने वाली सरकारी एजेन्सी की दशा कितनी दयनीय है और वहां कितनी लापरवाही बरती जा रही है, सहज अनुमान लगाया जा सकता है। हमें सोचना चाहिए कि शुद्ध खाद्य पदार्थ हासिल करना हमारा मौलिक हक है और यह सरकार का फर्ज है कि वह इसे उपलब्ध कराने में बरती जा रही कोताही को सख्ती से ले।

—ललित गर्ग (लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं स्तम्भकार हैं)

# चुनाव में तेज होती जुबानी जंग के सिलसिले

—प्रभुनाथ शुक्ल—



देश का आम चुनाव जहाँ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए जनविश्वास की चुनौती का बड़ा सवाल है। वहीं दूसरी तरफ बिखरे विपक्ष की सियासी एकता की अग्निपरीक्षा भी है। आम चुनाव को लेकर देश में शोर की राजनीति है। जनपक्ष से जुड़े जमीनी मुद्दे गायब हैं सिर्फ जुबानी जंग की लड़ाई है। आधुनिक भारत में विज्ञान और विकास के बढ़ते कदम में हम चाँद और सूरज को नाप रहे हैं जबकि राजनीति में हमारी सोच आरक्षण, दलित, सम्प्रदाय, जाति, अगड़ा —पिछड़ा, हिन्दू —मुस्लिम से आगे नहीं निकल पा रही। यह आधुनिक भारत और युवापीढ़ी के लिए शर्म की बात है।

फिलहाल राजनीति भी प्रयोगवाद का विज्ञान है लिहाजा प्रयोग लाजमी है। चलिए हम उसी सियासी प्रयोगवाद के अध्ययन की तरफ ले चलते हैं। उत्तर प्रदेश राजनीतिक लिहाज से बड़ा प्रयोग क्षेत्र है। 'भाजपा का नारा अबकी बार 400 पार' की असली जमीन उत्तर प्रदेश ही है। इस बार पश्चिम बंगाल के कुशल राजनीतिज्ञ खिलाड़ी ममता बनर्जी इण्डिया गठबंधन के रास्ते नया प्रयोग करना चाहती हैं। वह भदोही लोकसभा सीट के जरिए उत्तर प्रदेश की राजनीति में घुसपैठ करना चाहती हैं। उनकी इस सोच को जमीन देने का काम किया है समाजवादी पार्टी के मुखिया एवं यूपी के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने। उन्होंने अपनी सियासी दोस्ती में भदोही जैसी अहम सीट तृणमूल की झोली में डाल दिया है। ममता दीदी इस प्रयोग में कितनी सफल होंगी यह वक्त बताएगा।

ममता बनर्जी इस प्रयोगवाद के जरिए भाषाई राजनीति से अलग हटकर उत्तर भारत के सबसे बड़े हिंदी भाषी क्षेत्र में अपनी उपस्थिति दर्ज करना चाहती हैं। अगर इण्डिया गठबंधन के जरिए यह प्रयोग सफल रहा तो वह इसी रास्ते हिंदी भूभाग पर राजनैतिक विस्तारवाद की फसल उगाएंगी। उनके इस सफर के सबसे अहम साथी यूपी के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव होंगे। मोदी बनाम विपक्ष की इस सियासी दोस्ती में दीदी को अखिलेश यादव जैसा एक मजबूत सियासी दोस्त मिला है। दीदी के लिए उन्होंने बड़ा दिल दिखाया है। सपा यूपी में 63 जबकि कांग्रेस 17 सीटों पर चुनाव लड़ेगी।

ममता और अखिलेश यादव के बीच हुए इस समझौते में मीडिया में यह बात भी आयी थी कि अखिलेश यादव पश्चिम बंगाल में समाजवादी पार्टी के उपाध्याय किरणमय नंदा के लिए दक्षिण कोलकाता की सीट चाहते थे। क्योंकि यहाँ पूर्वांचल के आजमगढ़, गाजीपुर और चंदौली जिले के मतदाता काफी संख्या में रहते हैं। जिससे सपा वहां अपनी पैठ जमा सकती है। अब यह समझौता हुआ या नहीं कहना मुश्किल है। किरणमय नंदा 35 साल तक विधायक रहे। वह वाममोर्चा सरकार में 30 साल तक मंत्री रहे। वे समाजवादी विचारधारा के पोषक रहे जिसकी वजह से वे मुलायम सिंह यादव के करीब आए और परिवार में सियासी उठापटक के दौरान वे अखिलेश यादव के साथ मजबूती से खड़े रहे। जिसकी वजह से वह अखिलेश यादव के करीबी बन गए। नंदा की वजह से ही समजवादी पार्टी का अधिवेशन कोलकाता में हुआ था। बंगाल में वह समाजवादी पार्टी को खड़ा करना चाहते हैं।

फिरहाल अखिलेश यादव ने ममता दीदी के लिए बड़ा दिल दिखाया और उन्हें भदोही सीट मिल गई है। हालांकि अखिलेश यादव के इस फैसले से पार्टी के बड़े नेता आंतरिक तौर पर खुश नहीं होंगे। लेकिन भदोही के समाजवादी पार्टी के विधायक जाहिद जमाल बेग बातचीत के दौरान इस बात से इनकार किया था। फिलहाल बीमारी की वजह से वे अस्पताल में हैं। यहाँ से ममता ने उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री रहे पंडित कमलापति के प्रपौत्र ललितेश पति त्रिपाठी को चुनावी मैदान में उतारा है। ललितेशपति का परिवार खानदानी तौर पर कांग्रेस कल्चर से रहा है। ललितेश भी कभी गाँधी परिवार के बेहद करीबी माने जाते रहे। वे कांग्रेस से मिर्जापुर की मड़िहान विधानसभा से 2012 में विधायक चुने गए। मिर्जापुर उनके परिवार की सियासी कर्मस्थली रही है। उनके दादा लोकपति त्रिपाठी का यह कर्म क्षेत्र रहा है। ललितेश कभी प्रियंका गाँधी के बेहद खास रहे। लेकिन राजनीति में सबकुछ चलता है। किसी बात से नाराज होकर 2021 में कांग्रेस छोड़कर तृणमूल की शरण में चले गए। अब ममता ने उन्हें भदोही से उम्मीदवार बनाया है।


पश्चिम बंगाल में इण्डिया गठबंधन का कोई मतलब नहीं है वहां कांग्रेस और ममता एक दूसरे के खिलाफ चुनाव लड़ रहे हैं। ममता दीदी भदोही में ललितेश को चुनावी मैदान में उतार कर सोची समझी रणनीति का परिचय दिया है। उन्होंने कांग्रेस को जहाँ जमीन दिखाई है वहीं एक ब्राह्मण चेहरा उतार कर एक नई सियासत का आगाज किया है। ललितेश कभी कांग्रेस के वफादार सिपाही थे। उनका पूरा खानदान कांग्रेस कल्चर का है लेकिन कांग्रेस से जब ठुकराए गए तो दीदी ने गले लगाया। ममता का दांव कांग्रेस के लिए एक सबक भी है।

दूसरी बात ललितेश एक ब्राह्मण चेहरा हैं। ममता भी ब्राह्मण हैं। भदोही में ब्राह्मण वोटर सबसे अधिक हैं। 2014 के बाद ब्राह्मण भाजपा की झोली में चला गया है। जबकि पश्चिम बंगाल में भाजपा यानी मोदी और ममता की सियासी दुश्मनी जगजाहिर है। इसलिए उन्होंने पूर्वांचल के सियासी दिग्गज परिवार के युवा उमीदवार को उतार कर भजपा के वोट में सेंधमार अपना सियासी दाँव को सफल करना चाहती हैं। क्योंकि भदोही प्रधानमंत्री मोदी की वाराणसी संसदीय सीट की पड़ोसी सीट है। ममता का चुनावी दाँव अगर सफल हो जाता है तो यह मोदी के लिए भी चुनौती होगी। दूसरी तरफ भदोही समाजवादी और भजपा की टक्कर वाली सीट है। यहाँ ब्राह्मण, बिंद के बाद मुस्लिम और यादव अच्छी तादात में हैं। भाजपा बंगाल में ममता पर हिन्दू विरोधी होने का आरोप लगाती है। उन्हें बांग्लादेशी मुस्लिम घुसपैठियों और मुस्लिमों का सबसे बड़ा हितचिंतक बताती है। जिसका लाभ ममता को भदोही में मिलेगा। क्योंकि एमवाई यानी मुस्लिम और यादव अखिलेश यादव का बेहद करीबी है। ममता और अखिलेश यादव के राजनीतिक विचारधारा में समानता है जिसका लाभ तृणमूल को मिलेगा।

भदोही का ब्राह्मण अगर हिंदुत्व और राष्ट्रवाद को किनारे कर ब्रह्मणवाद के लिए शंख बजा दिया तो यहाँ ममता और अखलेश यादव की सियासी दोस्ती गुल खिला सकती है। ममता दीदी को भदोही के रास्ते उत्तर प्रदेश की राजनीति में पाँव फैलाने का अच्छा खासा मार्ग मिल जाएगा। फिलहाल मोदी बनाम विपक्ष की इस लड़ाई में ममता की सियासी गुगली कितनी सफल होती है या समय बताएगा। लेकिन दीदी और अखिलेश की दोस्ती एवं सियासी समझौते को हल्के में लेना भाजपा की बड़ी भूल होगी।


# अमेरिकी बैंक क्यों हो रहे दिवालिया?

—प्रह्लाद सबनानी—




अमेरिका में वर्ष 2023 में 3 बैंक (सिलिकन वैली बैंक, सिगनेचर बैंक, फर्स्ट रिपब्लिक बैंक) डूब गए थे एवं वर्ष 2024 में भी एक बैंक (रिपब्लिक फर्स्ट बैंक) डूब गया है। अमेरिकी अर्थव्यवस्था में अमेरिकी केंद्रीय बैंक, यूएस फेडरल रिजर्व, द्वारा ब्याज दरों में की गई वृद्धि के चलते बैंकों के असफल होने की यह परेशानी बहुत बढ़ गई है। सिलिकन वैली बैंक ने कई तकनीकी स्टार्ट अप एवं उद्यमी पूंजी फर्म को ऋण प्रदान किया था। इस बैंक के पास वर्ष 2022 के अंत में 20,900 करोड़ अमेरिकी डॉलर की सम्पत्तियां थी और यह अमेरिका के बड़े आकार के बैंकों में गिना जाता था और हाल ही के समय में डूबने वाले बैंकों में दूसरा सबसे बड़ा बैंक माना जा रहा है। इसी प्रकार, सिगनेचर बैंक ने न्यूयॉर्क कानूनी फर्म एवं अचल सम्पत्ति कम्पनियों को ऋण सुविधाएं प्रदान कर रखी थीं। इस बैंक के पास वर्ष 2022 के अंत में 11,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर से अधिक की सम्पत्ति थी और अमेरिका में हाल ही के समय में डूबने वाले बड़े बैंकों में चौथे स्थान पर आता है। 31 जनवरी 2024 तक के आंकड़ों के अनुसार, रिपब्लिक फर्स्ट बैंक की कुल सम्पत्तियां 600 करोड़ अमेरिकी डॉलर एवं जमाराशि 400 करोड़ अमेरिकी डॉलर थीं। न्यू जर्सी, पेनसिल्वेनिया और न्यूयॉर्क में बैंक की 32 शाखाएं थीं जिन्हें अब फुल्टन बैंक की शाखाओं के रूप में जाना जाएगा क्योंकि फुल्टन बैंक ने इस बैंक की सम्पत्तियों एवं जमाराशि को खरीद लिया है। पीयू रिसर्च संस्थान के अनुसार, चार शताब्दी पूर्व, वर्ष 1980 एवं वर्ष 1995 के बीच अमेरिका में 2,900 बैंक असफल हुए थे। इन बैंकों के पास संयुक्त रूप से 2.2 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर की सम्पत्ति थी। इसी प्रकार, वर्ष 2007 से वर्ष 2014 के बीच अमेरिका में 500 बैंक, जिनकी कुल सम्पत्ति 95,900 करोड़ अमेरिकी डॉलर थी, असफल हो गए थे। ऐसा कहा जाता है कि विशेष परिस्थितियों को छोड़कर अमेरिका में सामान्यतः बैंक असफल नहीं होते हैं। परंतु, इस सम्बंध में अमेरिकी रिकार्ड कुछ और ही कहानी कह रहा है। वर्ष 1941 से वर्ष 1979 के बीच, अमेरिका में औसतन 5.3 बैंक प्रतिवर्ष असफल हुए हैं। वर्ष 1996 से वर्ष 2006 के बीच औसतन 4.3 बैंक प्रतिवर्ष असफल हुए हैं एवं वर्ष 2015 से वर्ष 2022 के बीच औसतन 3.6 बैंक प्रतिवर्ष असफल हुए हैं। वर्ष 2022 में अमेरिकी बैंकों को 62,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर का नुकसान हुआ था। इसके पूर्व, वर्ष 1921 से वर्ष 1929 के बीच अमेरिका में औसतन 635 बैंक प्रतिवर्ष असफल हुए हैं। यह अधिकतर छोटे आकार के बैंक एवं ग्रामीण बैंक थे और यह एक ही शाखा वाले बैंक थे। अमेरिका में आई भारी मंदी के दौरान वर्ष 1930 से वर्ष 1933 के बीच 9,000 से अधिक बैंक असफल हुए थे। इनमें कई बड़े आकार के शहरों में कार्यरत बैंक भी शामिल थे और उस समय इन बैंकों में जमाकर्ताओं की भारी भरकम राशि डूब गई थी। वर्ष 1934 से वर्ष 1940 के बीच अमेरिका में औसतन 50.7 बैंक प्रतिवर्ष बंद किए गए थे। अमेरिका में इतनी भारी मात्रा में बैंकों के असफल होने के कारणों में मुख्य रूप से शामिल है कि वहां छोटे छोटे बैंकों की संख्या बहुत अधिक होना है। बैंकों के ग्राहक बहुत पढ़े लिखे और समझदार हैं। बैंक में आई छोटी से छोटी परेशानी में भी वे बैंक से तुरंत अपनी जमाराशि को निकालने पहुंच जाते हैं, जबकि बैंक द्वारा इस राशि से खड़ी की गई सम्पत्ति को रोकड़ में परिवर्तित करने में कुछ समय लगता है। इस बीच बैंक यदि जमाकर्ता को जमाराशि का भुगतान करने में असफल रहता है तो उसे दिवालिया घोषित कर दिया जाता है और इस प्रकार बैंक असफल हो जाता है। कई बार बैंकों द्वारा किए गए निवेश (सम्पत्ति) की बाजार में कीमत भी कम हो जाती है, इससे भी बैंकें अपने जमाकर्ताओं को जमाराशि का भुगतान करने में असफल हो जाते हैं। अभी हाल ही में अमेरिका में मुद्रा स्फीति की दर को नियंत्रित करने के उद्देश्य से ब्याज दरों में लगातार बढ़ौतरी की गई है, जिससे इन बैंकों द्वारा अमेरिकी बांड में किये गए निवेश की बाजार में कीमत अत्यधिक कम हो गई है। अब इन बैंकों को बांड में निवेश की बाजार कीमत कम होने के स्तर तक प्रावधान करने को कहा गया है और यह राशि इन बैंकों के पास उपलब्ध ही नहीं है, जिसके चलते भी यह बैंक असफल हो रहे हैं। एक सर्वे में यह बताया गया है कि आने वाले समय में अमेरिका में 190 अन्य बैंकों के असफल होने का खतरा मंडरा रहा है क्योंकि ब्याज दरों के बढ़ने से ऋण की मांग बहुत कम हो गई है। विभिन्न कम्पनियों ने अपने विस्तार की योजनाओं को रोक दिया है, इससे निर्माण की गतिविधियों में कमी आई है।

# फूस के घर में अचानक लगी आग, 9 साल की बच्ची जिंदा जली, सामान राख





**संवाददाता–गोण्डा।** करनैलगंज में फूस से बने घर में आधी रात अचानक लगी आग से 9 वर्षीय बालिका जिंदा जल गई। साथ बाइक, बैट्री रिक्शा व गृहस्थी का सामान जलकर खाक हो गया। पुलिस को घटना की जानकारी दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने बेटी के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। घटना के बाद पूरे गांव में कोहराम मचा हुआ है।

घटना बुधवार आधीरात की बताई जा रही है। नगर के सकरौरा ग्रामीण गोड़ियन पुरवा गांव निवासी चांद बाबू का परिवार फूस से बने घर में सो रहा था। चांद बाबू रोजगार के सिलसिले में जयपुर गये थे। घर में उनकी पत्नी व दो बेटियां इनायत व इनाया ही थे। रात में अचानक घर में आग लग गयी। जान बचाने के लिये पत्नी व बेटियों ने शोर मचाया। शोर सुनकर मौके पर पहुंचे पड़ोसियों ने पत्नी व छोटी बेटी इनायत को तो किसी तरह से जलते घर से निकाल लिया लेकिन बड़ी बेटी इनाया को नहीं बचाया जा सका। आग की चपेट में आने से उसकी मौत हो गयी। घटना की जानकारी पुलिस और दमकल विभाग को दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस जब तक फायर टेंडर की मदद ले पाती तब तक घर में खड़ी बाइक व बैट्री रिक्सा समेत पूरी गृहस्थी का सामान जलकर राख हो गया। बच्ची की मौत की घटना के बाद से गांव में कोहराम मचा हुआ है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पुलिस का कहना है कि बच्ची की जलने या दम घुटने से मौत हुई है। पोस्टमार्टम के बाद पूरी जानकारी मिलेगी। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। रात में अचानक घर में आग कैसे लगी इसकी जांच की जा रही है। संभावना है कि किसी चीज से शॉर्ट सर्किट होने के कारण आग लगी हो। पुलिस ने परिवार के बयान दर्ज कर लिए हैं।

# जिला पंचायत सदस्य संदेश यादव को बसपा ने बनाया प्रत्याशी



**संवाददाता–देवरिया।** संसदीय क्षेत्र देवरिया से बसपा ने गुरुवार की सुबह अपना प्रत्याशी घोषित कर दिया। जिला पंचायत सदस्य संदेश यादव मिस्टर को बसपा का प्रत्याशी बनाया गया है। वह 11 मई को अपना नामांकन पत्र दाखिल करेंगे। देवरिया लोकसभा सीट से भाजपा ने शशांक मणि त्रिपाठी व आइएनडीआइए ने कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता अखिलेश प्रताप सिंह को चुनावी मैदान में उतारा है। संदेश के मैदान में उतरने के बाद राजनीतिक गलियारों में चर्चाएं तेज हो गई हैं।

खुखुंदू के रहने वाले संदेश यादव के पिता आनंद यादव सलेमपुर से 1993 में विधायक थे। संदेश 2005 में राजनीति में कदम रखा। खुखुंदू से ग्राम प्रधान चुने गए। इसके बाद उनकी पत्नी दो बार ग्राम प्रधान रहीं। संदेश को विधान सभा क्षेत्र रामपुर कारखाना से बसपा ने 2022 में प्रत्याशी घोषित किया था। हालांकि नामांकन के पहले उनका टिकट कट गया था।

# 2029 तक कांग्रेस मुक्त भारत होगा –केशव प्रसाद मौर्य



**संवाददाता–देवरिया।** प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि यह लोकसभा चुनाव महत्वपूर्ण है। आप पांच वर्ष के लिए भाजपा की सरकार नहीं बना रहे हैं, बल्कि 100 वर्ष आगे देश को हम ले जाएंगे। गठबंधन व बसपा के प्रत्याशी की जमानत जब्त कराने की जिम्मेदारी आपकी है। पहले हम 100 में से 60 का नारा देते थे, अब 100 में से 80 प्रतिशत हमारा है। 400 पार का प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नारा दे रहे हैं तो विपक्षी पूछ रहे हैं कि 400 पार होने के बाद यह क्या करेंगे? 400 पार के बाद पाकिस्तान के कब्जे के कश्मीर में तिरंगा फहराया जाएगा। 2029 तक कांग्रेस मुक्त भारत होगा। 2027 के विधान सभा चुनाव तक सपा समाप्तवादी पार्टी बन जाएगी। उप मुख्यमंत्री शहर के चीनी मिल मैदान के समीप स्थित लान में भाजपा प्रत्याशी शशांक मणि त्रिपाठी के नामांकन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कहा कि कांग्रेस का इतिहास किसी से छिपा नहीं है। कांग्रेस ने कुर्सी के लिए देश का विभाजन किया और पाकिस्तान बना दिया। जम्मू कश्मीर में अनुच्छेद 370 लगाया। यह सबकुछ मुस्लिम तुष्टीकरण की राजनीति के चलते किया गया।

कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सत्ता में आने के बाद अनुच्छेद 370 हटाया गया। अयोध्या में भगवान श्रीराम का मंदिर बनाया गया। कांग्रेस की गलत नीतियों के कारण जनसंख्या नियंत्रण का कोई कानून नहीं बना था। उन्होंने आगे कहा कि अल्पसंख्यक व बहुसंख्यक की राजनीति की जाती है। जिले स्तर पर इसकी समीक्षा होनी चाहिए। जिस जिले में जिसकी जितनी संख्या हो, उस हिसाब से इसकी गणना होनी चाहिए। 2024 का लोकसभा उचुनाव ऐतिहासिक है। विपक्षी कहते हैं 400 पार करेंगे तो लोकतंत्र का खतरा बढ़ जाएगा। इस देश का संविधान डा.भीमराव आंबेडकर ने बनाया है।

लोकतंत्र को खतरा नहीं, बल्कि कांग्रेस के राहुल गांधी व सपा के अखिलेश यादव के राजनीतिक भविष्य को खतरा है। भाजपा की सरकार में सबका साथ, सबका विकास होता है। उनकी सरकार में माफिया का विकास होता है। आप अपनी अंगुली को कष्ट देकर कमल का बटन दबाएं। आपकी अंगुली के कष्ट देने के चलते ही आज अयोध्या में भगवान श्रीराम का मंदिर बना है। यह देवरहा बाबा का आशीर्वाद से हुआ है। पहले भ्रष्टाचारियों की सरकार थी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 52 करोड़ जनधन खाता खुलवाया और 34 लाख करोड़ रुपये उनके खाते में भेजे गए। अगर उनकी सरकार होती तो 34 लाख रुपये लोगों के खाते में पहुंच पाते। प्रधानमंत्री कहते हैं, न खाएंगे और न खाने देंगे। 2014 व 2019 में अंतर से चुनाव आपने जीताया था, इस बार उससे ज्यादा अंतर से चुनाव जीताएं। यूपी की 80 सीटें हमें चाहिए।

# मखौड़ा में कलश यात्रा के साथ श्री राम महायज्ञ का शुभारंभ आज

**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

अयोध्या। मुख क्षेत्र मखौड़ा धाम मां सरयू के उत्तर ईशान कोण पर मनोरमा नदी के तट पर वही स्थान है जहां राजा दशरथ ने पुत्र प्राप्ति के लिए पुत्रेष्टि यज्ञ किये थे और तभी मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभुश्री राम का जन्म अयोध्या में हुआ और तभी से चक्रवर्ती सम्राट दशरथ जी के राजमहल बड़ा स्थान के संयोजन में प्रतिवर्ष अक्षय तृतीया से जानकी नवमी तक श्री राम महायज्ञ का आयोजन किया जाता है इस वर्ष आयोजन के पूर्व दशरथ महल बड़ा स्थान के महंत विंदुगद्याचार्य स्वामी देवेंद्रप्रसादाचार्य महाराज ने पत्रकारों को बताया कि प्रतिवर्ष दशरथ महल की तरफ से श्री राम महायज्ञ का आयोजन किया जाता है जिसमें पूरे देश से लोग सम्मिलित होते हैं और सभी की मनोकामना पूर्ण होती है।यह यज्ञ श्री महाराज जी के अध्यक्षता में 10 मई को कलश यात्रा के साथ प्रारंभ होगा। विंदुगद्याचार्य महंत देवेंद्रप्रसादाचार्य ने बताया कि मखभूमि में ही राजा दशरथ ने पुत्रेष्टि महायज्ञ त्रेता काल में कराया था। इसी महायज्ञ के प्रभाव से उन्हें श्रीराम पुत्र के रूप में प्राप्त हुए। भक्तों को श्रीराम की तरह आचरण और संस्कार वाले पुत्र प्राप्त हो जिससे देश और समाज का कल्याण हो सके। इस लिए दशरथ महल की ओर से हर साल इस महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है।इस महायज्ञ में रोज सुबह आठ बजे से दोपहर तक महायज्ञ में 11 वैदिक विद्वान आहुति डालेंगे। शाम को बिहार के पूर्व डीजीपी गुप्तेश्वर पांडेय की रामकथा शाम चार बजे से होगी। अयोध्या के सभी प्रमुख महंत महायज्ञ में खास तौर पर शामिल होंगे।इसमें मणिराम दास जी की छावनी के उत्तराधिकारी महंत कमल नयन दास शास्त्री, श्रीरामवल्लभाकुंज के प्रमुख स्वामी राजकुमार दास, जानकीघाट बड़ा स्थान के महंत जनमेजय शरण, बड़ा भक्तमाल के उत्तराधिकारी महंत अवधेश कुमार दास, जगदगुरू रामानंदाचार्य स्वामी रामदिनेशाचार्य, तुलसी छावनी के महंत जनार्दन दास आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहेंगे। महाराज जी के कृपापात्र शिष्य और मंगल भवन के महंत रामभूषण दास कृपालु इस महायज्ञ की व्यवस्था देख रहे हैं।

# भाजपा की सरकार आई तो हमारी सुरक्षा में लगे पुलिसकर्मी भी बनेंगे अग्निवीर –अखिलेश यादव



**संवाददाता–बहराइच।** पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव बृहस्पतिवार दोपहर सपा प्रत्याशियों के पक्ष में जनसभा को संबोधित करने के लिए पहुंचे। उन्होंने भाजपा सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि जनता ने पहले, दूसरे और तीसरे चरण के मतदान में भाजपा को काफी पीछे कर दिया है। चौथे और पांचवें चरण के मतदान में आप लोग मतदान कर इनके मंसूबों को रोकने का काम करें। शहर के गेंद घर मैदान में बृहस्पतिवार को सपा मुखिया और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की जनसभा आयोजित हुई। पूर्व मुख्यमंत्री हेलीकॉप्टर से दोपहर 12रू15 बजे पुलिस लाइन पहुंचे। इसके बाद वह चार पहिया वाहन से शहर के गेंद घर मैदान पहुंचे। पूर्व मुख्यमंत्री का सपा पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने फूल मालाओं से स्वागत किया। अखिलेश भैया जिंदाबाद के नारे लगाए। बहराइच, कैसरगंज और गोंडा के प्रत्याशियों के समर्थन में उन्होंने सभा को 12.40 बजे संबोधित करना शुरू किया।

अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा पूरे ब्रह्मांड की सबसे बड़ी झूठी पार्टी है। जबकि वह विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनने का दावा करती है लेकिन विकास के नाम पर काफी पीछे है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने डबल इंजन की सरकार में किसानों की आय दोगुनी करने का वादा किया लेकिन किसानों की कमाई को बिचौलियों के हाथ में सौंप दिया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने 4 साल के लिए अग्निवीर योजना शुरु की है। इससे युवाओं में नाराजगी है।

अगर भारतीय जनता पार्टी की फिर सरकार बनी तो हमारी और आपकी सुरक्षा में लगे पुलिसकर्मियों को भी अग्निवीर योजना में शामिल कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि यहां मौजूद भीड़ बता रही है कि आने वाले चौथे और पांचवें चरण में गठबंधन प्रत्याशियों को बहुमत मिलेगा। अखिलेश यादव ने कहा कि पहले, द्वितीय और तृतीय चरण के चुनाव में जनता ने भाजपा के झूठ की हवा निकालते हुए उनके मंसूबों को पर पानी फेर दिया है। पूर्व सीएम ने कहा कि डबल इंजन की सरकार में विकास का कोई जिक्र नहीं किया जा रहा सिर्फ हिंदू और मुस्लिम में लड़ाया जा रहा है। इस दौरान सभी प्रत्याशी और काफी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

अखिलेश यादव ने कहा कि अभी वह बहराइच के पुलिस लाइन में हेलीकॉप्टर से उतरे। उसके बाद वहां से गेंद घर के लिए रवाना हुए रास्ते में उन्होंने देखा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का बोर्ड लगा हुआ है जिसमें डबल इंजन की सरकार का स्लोगन ही गायब है। उन्होंने कहा कि पोस्टर से ही साबित हो रहा है कि जनता इनके साथ नहीं है।

# यदि पर्यावरण स्वच्छ तो जीवन रहेगा सुरक्षित

**संवाददाता– श्रावस्ती,।** 62वीं वाहिनी एसएसबी की ओर से पर्यावरण के लिए जीवन शैली कार्यक्रम के तहत स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिसमें एसएसबी जवानों से सड़कों पर पड़ा कुड़ा कचरा उठाकर लोगों को स्वच्छता के लिए जागरूक किया। साथ ही पर्यावरण स्वच्छ तो जीवन होगा सुरक्षित का संदेश दिया। कमांडेन्ट रबीन्द्र कुमार राजेश्वरी के नेतृत्व में गुरुवार को वाहिनी मुख्यालय भिनगा के जवानों ने वाहिनी मुख्यालय परिसर से खरगौड़ा मोड़ तक साफ सफाई की गई। इस दौरान सड़क व आस पास जमा कूड़ा व कचरे को उठाकर लोगों को स्वच्छता के लिए जागरूक किया। सीमावर्ती गांवों में भी अभियान चलाकर जवानों की ओर से साफ सफाई की गई। जवानों की ओर से लोगों को बताया कि पृथ्वी हमारा घर है और इसकी रक्षा करना हम सबकी जिम्मेदारी है। प्रदूषण और प्राकृतिक संसाधनों के अत्यधिक दोहन से जलवायु परिवर्तन जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। पर्यावरण के अनुकूल जीवन शैली यह एक ऐसा अभियान है जो व्यक्तियों को प्रकृति के साथ तालमेल बैठाकर जीवन जीने के लिए प्रोत्साहित करता है। इसका मुख्य उद्देश्य प्रत्येक व्यक्ति को पर्यावरण को नुकसान पहुंचाए बिना जीवन जीने के लिए प्रेरित करना है। यह छोटे–छोटे बदलावों पर जोर देता है जो मिलकर बड़ा प्रभाव डाल सकते हैं। इस प्रकार लोंगो को एक स्वच्छ व सुन्दर पर्यावरण हमारे जीवन की सुरक्षा के लिए कितना आवश्यक है, इसके महत्त्व को बताया गया।

# रामसेवक पुरम में लगी आग लाखों का हुआ नुकसान



**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

अयोध्या। रामसेवक पुरम वही स्थान है जहां मंदिर निर्माण के लिए का भंडारण यो तरासी होती थी और श्री राम जन्मभूमि मंदिर के फैसले के बाद प्राण प्रतिष्ठा के पहले यहां कई कॉटेज बनवाए गए थे जिसमें से दिन में लगभग 2 बजे आग लगने के कारण पूरी तरह से नष्ट हो गए और करोड़ों का सामान जल करके खाक में तब्दील हो गया वही घंटे तक फायर ब्रिगेड की गाड़ी अति संवेदनशील अयोध्या में नहीं पहुंच सकी स्थानीय लोग और कर सेवक पुरम रामसेवक पुरम में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने आग बुझाने का तक प्रयास किया और काफी देर के बाद फायर ब्रिगेड की 10 गाड़ियां पहुंची और अंत में आज पर काबू पाया गया लेकिन आग लगने का कारण पता नहीं चला।मौके पर उपस्थित विश्व हिंद परिषद के मीडिया प्रभारी शरद शर्मा ने नाराजगी जाहिर करते हुए बताया कि आज बाल लगभग 2 बजे लगी अग्निशमन दल को तत्काल फोन किया गया लेकिन समय से ना पहुंचने के नुकसान बढ़ गया विश्व हिंद परिषद के कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिकों द्वारा फायर ब्रिगेड पहुंचने के पहले ही कुछ हद तक आग पर काबू कर लिया गया था।

# संदिग्ध परिस्थितियों में युवक को लगी गोली, लखनऊ रेफर



**संवाददाता–गोण्डा।** युवक को संदिग्ध परिस्थितियों में अवैध असलहा से अचानक फायर हो जाने के कारण गोली उसके पेट में लग गई। सूचना मिलते ही पहुंची पुलिस ने युवक को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जहां हालत गंभीर होने पर उसे इलाज के लिए लखनऊ रेफर किया गया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। युवक को गोली लगने की घटना को लेकर लोग तरह की चर्चा कर रहे हैं। युवक गंभीर बीमारी से पीड़ित भी बताया जा रहा है। जिले के कटरा बाजार थाना के गांव शेरापार के रहने वाले संतोष कुमार गुप्ता 26 वर्ष अवैध असलहा हाथ में लेकर कुछ कर रहे थे। अचानक फायर होने से गोली उनके पेट में लग गई। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। ग्रामीणों के मुताबिक संतोष काफी दिनों से किसी गंभीर बीमारी से पीड़ित है। युवक को खुद के असलहा से गोली लगने को लेकर लोग तरह की चर्चा कर रहे हैं। कुछ लोगों का कहना है कि आत्महत्या के प्रयास में उन्हें गोली लगी है। लेकिन सवाल यह उठता है कि उसके पास अवैध असलहा आया कहां से वही यह भी चर्चा है कि असलहा साफ करते समय गोली चलने से युवक घायल हुआ। फिलहाल यह पुलिस के जांच का विषय है। कटरा बाजार थाना के प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार गुप्ता ने बताया कि संतोष अवैध असलहा हाथ में लेकर कुछ कर रहे थे। तभी अचानक से फायर हो गया।जिससे वह घायल हो गए। जिन्हें जिला अस्पताल से लखनऊ के लिए रेफर किया गया है। मामले की रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

# दुराचार के आरोपी की जमानत अर्जी निरस्त

**संवाददाता–गोण्डा।** अपर जिला जज नासिर अहमद हुसैन ने अपने दुराचार आरोपी की जमानत अर्जी पर्याप्त आधार के अभाव में निरस्त कर दिया। विशेष लोक अभियोजक केपी सिंह के अनुसार थाना नवाबगंज अंतर्गत ग्राम जैतपुर निवासी रामू यादव उर्फ प्रिंस यादव पुत्र अलखराम के विरुद्ध एक शादीशुदा महिला ने इस आशय की रिपोर्ट दर्ज कराई कि विपक्षी ने उसका अश्लील वीडियो बनाकर उसके साथ कई बार दुराचार किया। मामले की जानकारी होने पर परजिनों ने उसे घर से निकाल दिया। पुलिस ने सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर विवेचना करने के बाद आरोप पत्र अदालत पर भेज दिया। गुरुवार को अदालत ने अभियोजन व बचाव पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीलों व बहस को सुनने के बाद अपराध को गंभीर प्रवृत्ति का करार देते हुए आरोपित की जमानत याचिका निरस्त कर दिया।

# सपा ने अयोध्या में कारसेवकों पर गोली चलवाई, भाजपा ने भव्य राम मंदिर बनवाया -ब्रजेश पाठक

**संवाददाता–कुशीनगर।** बुद्ध इंटर कॉलेज कुशीनगर में बृहस्पतिवार को भाजपा का बूथ अध्यक्ष सम्मेलन आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि यह लोकसभा चुनाव अयोध्या में भव्य राम मंदिर बनवाने वाले और कार सेवकों पर गोली चलवाने वालों के बीच का है। सपा ने अयोध्या में गोली चलवाकर खून से धरती रंगने का काम किया था। भाजपा वहां भव्य राम मंदिर बनवाया है। तीन चरणों के मतदान में विजय पताका फहर रहा है। पीएम के कल्याणकारी योजनाओं पर लोगों का भरोसा बढ़ा है। उन्होने कहा कि जम्मू कश्मीर में धारा 370 निष्प्रभावी करने का काम भाजपा ने किया है। भाजपा सरकार ने गरीब कल्याण योजनाओं को जन–जन तक पहुंचाने का काम कर रही है। अब तक चार करोड़ पात्रों को प्रधानमंत्री आवास योजना से पक्का मकान मुहैया कराया है। और तीन करोड़ को देने का लक्ष्य है। शौचालय देकर महिलाओं को सहूलियत देने का काम किया है। उन्हें इज्जत से जीने का हक मिला है। जल जीवन मिशन योजना से हर घर को पेयजल आपूर्ति कर रहे हैं। 75 जिलों में सड़कों का जाल बिछाकर सुगम व्यवस्था दिया। सपा पर तंज कसते हुए कहा कि उनके सरकार में बिजली सैफई और रामपुर चली जाती थी। कायाकल्प योजना से बेसिक शिक्षा में सुधार किया। वर्तमान में एक करोड़ 92 लाख बच्चे पढ़ रहे हैं। ड्रेस, पाठ्य–पुस्तकों को दिया जा रहा है। ग्राम सचिवालय से योजनाओं की जानकारी ओर अन्य सुविधाएं दी जा रही है। प्रदेश में पूर्व में सिर्फ 16–17मेडिकल कालेज थे,अब मोदी सरकार में वन डिस्ट्रिक्ट,वन वन मेडिकल कालेज से 65 मेडिकल कॉलेज क्रियाशील हैं। 14 जल्द बनेंगे।

### अदालती नोटिस

(हेतु सन्दर्शित करने की सूचना साधारण प्रारूप)

न्यायालय–श्रीमान अपर उपजिलाधिकारी महोदय अयोध्या जनपद–अयोध्या

वाद सं. 636/2013

चन्द्रभान सिंह

बनाम

राममूर्ति सिंह आदि

बनाम–1. प्रकाश सिंह 2. अजय सिंह पुत्रगण राममूर्ति सिंह निवासी ग्राम माया भीखी परगना अमसिन तहसील सदर जनपद– अयोध्या

**तारीख पेशी 27–05–2024**

चूंकि उपरिनामांकित ने इस न्यायालय में आवेदन किया है कि अतएवं आपके एतद द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप इसे आदेश के खिलाफ हेतु सन्दर्भित करने के लिये 2024 के माह 05 के 27 दिवस को 10.00 बजे पूर्वान्ह में स्वयं या सम्पर्क रूपेण अनुर्दिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपस्थित हो और ऐसा न करने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज सन 20 के माह के दिवस को निकाली गयी।

द0 हाकिम

### अदालती नोटिस

(हेतु सन्दर्शित करने की सूचना साधारण प्रारूप)

न्यायालय–श्रीमान सिविल जज (जू0डि0) सदर महोदय फैजाबाद

मूलवाद सं. 869/2023

देव नारायण शुक्ल आदि

बनाम

राम लौटन शुक्ल आदि

बनाम–1. राम लौटन पुत्र स्व0 त्रिभुवन 2. राम कुबेर शुक्ल 3. गणेश शंकर शुक्ल 4. राज कुमार शुक्ल पुत्रगण राम लौटन समस्त निवासीगण ग्राम–मजनाई परगना पश्चिम राठ तहसील मिल्कीपुर जनपद– फैजाबाद/अयोध्या

**तारीख पेशी 23–05–2024**

चूंकि उपरिनामांकित ने इस न्यायालय में आवेदन किया है कि अतएवं आपके एतद द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप इसे आदेश के खिलाफ हेतु सन्दर्भित करने के लिये 2024 के माह 05 के 23 दिवस को 10.00 बजे पूर्वान्ह में स्वयं या सम्पर्क रूपेण अनुर्दिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपस्थित हो और ऐसा न करने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज सन 20 के माह के दिवस को निकाली गयी।

द0 हाकिम

### अदालती नोटिस

सम्मन वास्ते करारवाद उमूर तनकीह तलब

(आर्डर 5 कायदा 1 व 5)

मूल वाद सं. 550/2020

अदालत– श्रीमान सिविल जज (जू0डि0) सदर महोदय फैजाबाद

विद्या देवी

बनाम

आलोक कुमार आदि

बनाम–1–आलोक कुमार पुत्र राजकुमार 2– राहुल जायसवाल पुत्र सुरेश जायसवाल 3– श्रीमती लक्ष्मी देवी पत्नी सुरेश जायसवाल समस्त निवासीगण मकान नम्बर 2/15/165 रेतिया ककरही बाजार परगना हवेली अवध तहसील सदर

जिला– अयोध्या

**तारीख पेशी 28–05–2024**

हरगाह ने आपके नाम नालिश बाबत के दायर की है। लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 28 माह 05 सन 2024 ई0 बवक्त 10 बजे दिन असालतन या मारफत वकील के जो मुकदमें के हालत से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और जो कुल उमूर अहम मुतल्लिका मुकदमा जबाब दे सके या जिसके साथ कोई और सख्श हो जो कि जबाब ऐसे सवालत का दे सके हाजिर हों और जबाबदेही दावा कीजिये और हरगाह वही तारीख जो आपके इजहार के लिये मुकर्रर है वास्ते इनफिसाल कत्तई मुकदमा के तजबीज हुई है और आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज को जिनको आप अपनी जबाबदेही के तहत इस्तेमाल करना चाहते हों पेश करें।

आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी आपके मसमुआ और फैसला होगा।

बसख्त मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के आज बतारीख माह सन 24 ई0 जारी किया गया।

द0 हाकिम

### अदालती नोटिस

सम्मन वास्ते करारवाद उमूर तनकीह तलब

(आर्डर 5 कायदा 1 व 5)

मूल वाद सं. 522/2023

अदालत– श्रीमान सिविल जज (जू0डि0) सदर महोदय फैजाबाद

रवीन्द्र सिंह आदि

बनाम

काली प्रसाद सिंह आदि

बनाम–1–काली प्रसाद सिंह पुत्र राम मिलन सिंह 2– मनीष सिंह पुत्र राजीव सिंह 3– मुसम्मात नीलम सिंह पत्नी स्वर्गीय राजीव सिंह निवासी मौजा जनौरा परगना हवेली अवध तहसील सदर जिला– अयोध्या

**तारीख पेशी 25–05–2024**

हरगाह ने आपके नाम नालिश बाबत के दायर की है। लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 25 माह 05 सन 2024 ई0 बवक्त 10 बजे दिन असालतन या मारफत वकील के जो मुकदमें के हालत से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और जो कुल उमूर अहम मुतल्लिका मुकदमा जबाब दे सके या जिसके साथ कोई और सख्श हो जो कि जबाब ऐसे सवालत का दे सके हाजिर हों और जबाबदेही दावा कीजिये और हरगाह वही तारीख जो आपके इजहार के लिये मुकर्रर है वास्ते इनफिसाल कत्तई मुकदमा के तजबीज हुई है और आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज को जिनको आप अपनी जबाबदेही के तहत इस्तेमाल करना चाहते हों पेश करें।

आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी आपके मसमुआ और फैसला होगा।

बसख्त मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के आज बतारीख माह सन 24 ई0 जारी किया गया।

द0 हाकिम

# रुक्मणी कल्याण महोत्सव के साथ सप्त दिवसीय कथा का हुआ समापन



**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

अयोध्या।रांडद परिवार द्वारा अयोजित सप्त दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के षष्टम दिवस में व्यासपीठ पर विराजमान जगतगुरु रामानुजाचार्य स्वामी श्री धराचार्य जी महाराज ने कथा का विस्तार करते हुए कहा शरणागत रक्षक हैं प्रभु इंद्र वरुण आदि ने प्रभु चरणों में शरणागति कि प्रभु शरण में आए इंद्र ब्रम्हा वरुण आदि को पुनः अपना लेते हैं इससे सिद्ध होता है प्रभु पुरुषोत्तम है ऐश्वर्य से जो परिपूर्ण है वही परब्रह्म है वही भगवान है अपने सभी इंद्रियों से जो कृष्ण रस का पान करें वही गोपी है प्रभु श्री कृष्ण ने गोपियों के साथ बिहार तो किया लेकिन मन को उन्नत अवस्था में स्थिर कर दिया भगवान श्री कृष्ण गोपियों के मन की बात को जानकर सभी गोपियों को आनंद देने हेतु शरद ऋतु में कदंब वृक्ष के ऊपर बैठकर बंसी निनाद करते हैं जीव रूपी गोपियां प्रभु कृष्ण के आमंत्रण पर सभी कार्यों को छोड़कर प्रभु के समीप जाती हैं भगवान श्री कृष्ण गोपियों को लौटने के लिए तर्क देते हैं सभी गोपियां कन्हैया के तर्कों को सुनकर कहती हैं प्रभु संसार के जो संबंध आपने हमें बताए हैं वह संबंध केवल शरीर से हैं और शरीर तक ही सीमित हैं यह संबंध बदल सकते हैं लेकिन जीव और आत्मा का संबंध नहीं बदल सकता गोपियों के तर्क को सुनकर प्रभु मौन हो गए । गोपियों की अनन्य भक्ति देखकर रास रचौया श्री कृष्ण प्रभु सभी गोपियों के साथ दिव्य रास करते हैं प्रभु भक्त शंकर जी मां गौरा के साथ रास मंडल में पधारते हैं सर्वप्रथम गूंगी सखी रूप में शंकर जी के साथ प्रभु रास विहार करते हैं। कथा में महाराज जी ने भगवान श्री कृष्ण मां रुक्मणी का विवाह का प्रसंग सुनाया और रुक्मणी जी का दिव्य कल्याण उत्सव सभी भक्तों ने धूमधाम से मनाया श्रीसीता राम रांडद एवम परिवार के सभी भक्तजन कथा को सुनकर हर्ष का अनुभव किया और सप्त दिवसीय कथा का विश्राम हुआ।

### अदालती नोटिस

(हेतु सन्दर्शित करने की सूचना साधारण प्रारूप)

न्यायालय–श्रीमान सिविल जज (जू0डि0) सदर महोदय फैजाबाद

मूल वाद सं. 1086/2023

बलिराम

बनाम

प्रदीप कुमार आदि

बनाम–4– दिलीप कुमार पुत्र जग प्रसाद 5– रवि कुमार पुत्र देवनाथ 6– श्रीमती अनारा देवी पत्नी देवनाथ 7– दयाराम पुत्र देवनाथ समस्त निवासीगण ग्राम– उधरपुर परगना हवेली अवध तहसील सदर जनपद–अयोध्या

**तारीख पेशी 20–07–2024**

चूंकि उपरिनामांकित ने इस न्यायालय में आवेदन किया है कि अतएवं आपके एतद द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप इसे आदेश के खिलाफ हेतु सन्दर्भित करने के लिये 2024 के माह 07 के 20 दिवस को 10.00 बजे पूर्वान्ह में स्वयं या सम्पर्क रूपेण अनुर्दिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपस्थित हो और ऐसा न करने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज सन 24 के माह के दिवस को निकाली गयी।

द0 हाकिम

